ई–मेल

कार्यालय, सचिव, उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद्, रूड़की (हरिद्वार)

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद् से संबद्ध समस्त निजी क्षेत्र के पॉलिटेक्निक संस्थान,
उत्तराखण्ड।

पत्रांक : 1628 / उ0प्रा0शि0प0 / स्पे0बे0पे0 आवदेन / 2020–21 दिनांक : 25/01/21

विषय : विशेष बैक पेपर परीक्षा–2020 हेतु आवदेन पत्रों को पूर्ण कराए जाने विषयक।

महोदय,

गत् वर्षों की भांति इस वर्ष भी विशेष बैक पेपर परीक्षा 2020 का आयोजन कराया जायेगा। विशेष बैक पेपर परीक्षा–2020 हेतु फार्मेसी पाठ्यक्रम एवं इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के ऐसे छात्र–छात्राएं जिन्होंने ग्रीष्मकालीन सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा 2020 में अन्तिम वर्ष की परीक्षा संस्थागत / व्यक्तिगत के रूप में दी है, ऐसे समस्त अभ्यर्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र विशेष बैक पेपर परीक्षा 2020 हेतु ऑनलाईन भराए जाने हैं।

ऑनलाईन आवेदन पत्र भरते समय यह ध्यान रखा जाए कि अभ्यर्थी छात्र विनियमावली 2016 के अनुसार पात्र है। ऑनलाईन आवेदन पत्र भराये जाने से सम्बन्धित तिथियां निम्नलिखित हैं :–

ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने हेतु On line Portal दिनांक : 26 जनवरी 2021 से प्रारम्भ होगा।
ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि (बिना विलम्ब शुल्क) : 02–02–2021 तक
ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि (विलम्ब शुल्क रू0 100 /–आवेदन सहित) : 09–02–2021 तक।

परीक्षा शुल्क :–

1. आवेदन पत्र शुल्क		= रु0 500 / –
2. बैक पेपर शुल्क	(प्रति विषय)	= रु0 200 / –
3. अंकतालिका शुल्क		= रु0 30 / –

आवेदन पत्र भरने के पश्चात् ऑनलाईन आवेदन पत्रों का नॉमिनल रोल एवं बैंक ड्राफ्ट **दिनांक : 15 फरवरी 2021 से पूर्व अनिवार्य रूप से परिषद् कार्यालय को प्रेषित किए जाएं।** ड्राफ्ट **सचिव, उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद्** के नाम से बनाया जाना है, जो **रूड़की** में देय हो। **शुल्क का भुगतान एक ही ड्राफ्ट के माध्यम से किया जाना है।**

भवदीय

(देश राज)
सचिव